an>

Title; Need to open a Kendriya Vidyalaya in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid.

श्री घनश्याम अनुरागी (जालौन): मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद जालौन (उत्तर प्रदेश) में बहुत बड़ी संख्या में केन्द्रीय कर्मचारी कार्यरत हैं। उनके बच्चे शिक्षा के लिए इधर-उधर भटकते हैं। उचित व मार्गदर्शीय शिक्षा प्राप्त करना हर बच्चे का अधिकार है। क्षेत्रीय बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा मिलनी चाहिए जिससे वे आगे बढ़कर देश व समाज के विकास में योगदान कर सकें। अभी तक मानव संसाधन मंत्रालय ने केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए कोई पहल नहीं की है, जिससे वहाँ कार्य करने वाले केन्द्रीय कर्मचारियों एवं आम सम्मानित जनता में भारी रोष व्याप्त है। उचित शिक्षा न मिलने के कारण बच्चों का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। उच्च शिक्षा के अभाव में बच्चे आज की बर्हिमुखी शिक्षा का लाभ उठाने से वंचित हैं। इस क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की तुरन्त आवश्यकता है।

मेरा सदन के माध्यम से माननीय मानव संसाधन मंत्री जी से अनुरोध है कि जनपद जालौन में केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए तुरन्त आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।